<u>हिंदी भाषा समूह</u>

हिंदी अंतर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता व सूचना पट्ट की सजावट

14 सितंबर 2022

"हिन्दी पढ़ना और पढ़ाना हमारा कर्तव्य है। उसे हम सबको अपनाना है।"

– लालबहादुर शास्त्री

व्यावसायिक अध्ययन संस्थान द्वारा हिंदी अंतर **प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता व सूचना पट्ट की सजावट** प्रतियोगिता का आयोजन **14 सितंबर 2022** बुधवार प्रधानाचार्य डॉ. श्रीमती मंदिरा गुप्ता, हिंदी अध्यापिका श्रीमती सपना रानी व सभी अध्यापक गणों की उपस्थिति में किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का विषय (हिंदी भाषा की जानकारी था। इसमें टीम को ए, बी, सी तीन भागों में विभाजित किया गया। सपना रानी , अध्यापिका श्वेता द्वारा टीम के अनुसार प्रश्न पूछे गए। एक प्रश्न को 1 मिनट का समय दिया गया। इस प्रकार, यह क्रम चलता रहा।अंको को बोर्ड पर लिखा गया। अंत में टीम ए ने प्रथम स्थान हासिल किया व टीम बी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार ,वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया ,जिसका विषय था (महापुरुषों की जयंती पर अवकाश)। इसमें छात्रों को 4 से 5 मिनट का समय दिया गया। कुछ छात्रों ने इसके विषय के पक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए और कुछ छात्रों ने इसके विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। इसमें छात्रों की सहभागिता प्रशंसनीय थी। छात्रों का उत्साह देखने ही बनता था ,इसमें प्रीति बल्हारा ने प्रथम स्थान व अबरार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।इसके बाद सूचना पट्ट की सजावट मे वंशिका और टीम के सदस्य ने सहभागिता दी। इस प्रकार ,से कार्यक्रम का समापन किया गया। अंत में परिणामों के साथ घोषणा की गई।

- **प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम –**

प्रथम स्थान --टीम ए

द्वितीय स्थान—टीम बी

- **वाद विवाद प्रतियोगिता का परिणाम -**

प्रथम स्थान --प्रीति बल्हारा

द्वितीय स्थान – अबरार